**B/6,000**

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2021-22

## सामान्य हिन्दी

### कक्षा—11

समय : 3 घण्टा 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**खण्ड 'क'**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1

(क) मुंशी प्रेमचन्द ने उपन्यास लिखा है—
(a) चन्द्रकांता (b) गोदान (c) परीक्षा गुरु (d) पुनर्नवा 1

(ख) 'आवारा मसीहा' के लेखक हैं—
(a) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (b) विष्णु प्रभाकर
(c) प्रेमचन्द (d) जैनेन्द्र 1

(ग) 'कुटज' के लेखक हैं—
(a) प्रेमचन्द (b) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) भगवतीचरण वर्मा (d) अज्ञेय 1

(घ) 'सरयूपार' की यात्रा के लेखक हैं—
(a) राहुल सांकृत्यायन (b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(c) धर्मवीर भारती (d) प्रेमचन्द 1

(ङ) 'काका कालेलकर' किस विधा-लेखन हेतु प्रसिद्ध हैं?
(a) निबंध (b) आत्मकथा (c) संस्मरण (d) डायरी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1

(क) 'श्रीकृष्ण गीतावली' के रचयिता हैं—
(a) कवि सूरदास (b) गोस्वामी तुलसीदास
(c) नन्ददास (d) कृष्ण दास 1

(ख) 'साकेत' महाकाव्य है—
(a) भारतेन्दु युग (b) द्विवेदी युग (c) छायावाद (d) प्रगतिवाद 1

(ग) रीतिबद्ध काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि हैं—
(a) रसखान (b) बिहारी (c) बोधा (d) आलम 1

(घ) 'पृथ्वी राजरासो' में प्रधानता है—
(a) श्रृंगार रस (b) वीर रस (c) शांत रस (d) हास्य रस 1

(ङ) 'शिवा बावनी' के रचयिता हैं—
(a) कवि बिहारी (b) चिन्तामणि (c) मतिराम (d) भूषण

3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2×5 = 10

हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकण्ड क्लास, आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजन सब नहीं चल सकतीं, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो वे क्या नहीं कर सकते, इनसे इतना कह दीजिए "का चुपसाधि बलवाना," फिर देखिए हनुमान जी को अपना बल कैसे याद आता है; सो बल कौन याद दिलावे।

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) "हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(घ) उपर्युक्त गद्यांश में हिन्दुस्तानियों को किस कमजोरी की ओर संकेत किया गया है?
(ङ) उक्त गद्यांश में हिन्दुस्तानियों की तुलना किससे और क्यों की गई है?

अथवा

सूर्योदय होते ही अन्धकार भयभीत होकर भागा, भागकर वह कहीं गुहाओं के भीतर और कहीं घरों के कोनों और कोठरियों के भीतर जा छिपा। मगर वहाँ भी उसका गुजारा न हुआ, सूर्य यद्यपि बहुत दूर आकाश में था, तथापि उसके प्रबल तेज-प्रताप ने छिपे हुए अन्धकार को न उन जगहों से भी निकाल बाहर किया, निकाला ही नहीं, अपितु उसका नाश भी कर दिया। बात यह है कि तेजस्वियों का कुछ स्वभाव ही ऐसा होता है कि एक निश्चित स्थान में रहकर भी वे अपने प्रताप की धाक से दूर-स्थित शत्रुओं का भी सर्वनाश कर डालते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) सूर्योदय होते ही अन्धकार का सर्वनाश किस प्रकार किया?
(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(घ) तेजस्वी लोगों की क्या विशेषता होती है?
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश की भाषा एवं शैली पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

पाणी ही तैं हिम भया, हिम है गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया, अब कुछ कहा न जाइ॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) उपर्युक्त पद्यांश में प्रतिपादित विषय का उल्लेख करते हुए उसे समझाइए।
(ग) रेखांकित अंश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।
(घ) पद्यांश के काव्य-सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।
(ङ) उपर्युक्त पद्यांश में विद्यमान काव्य-सौन्दर्य के तत्वों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

हमारैं हरि हारिल की लकड़ी।
मनक्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत-सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी॥
सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ सूर तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ एवं प्रसंग लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) "हमारैं हरि हारिल की लकरी" इस पंक्ति के माध्यम से गोपियाँ क्या कहना चाहती हैं?
(घ) पद्य का भाव स्पष्ट कीजिए।
(ङ) पद्यांश में भाषा शब्द-शक्ति, रस और अलंकार बताइए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाएँ लिखिए (शब्द सीमा 80 शब्द) $3+2=5$

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) महावीरप्रसाद द्विवदी
(iii) सरदार पूर्णसिंह

https://www.upboardonline.com

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाएँ लिखिए (शब्द सीमा 80 शब्द) 3 + 2 = 5

तुलसीदास, सूरदास, मैथिलीशरण गुप्त

6. 'बलिदान' अथवा 'आकाश दीप' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

7. स्वपठित 'नाटक' के चतुर्थ अंक की कथावस्तु लिखिए। 5

## खण्ड 'ख'

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

इतिहास प्रसिद्धः नीतिनिपुणः मुगलशासकः अकबरनामा दिल्लीश्वरः सुदूरे पूर्वस्यां दिशि स्थितयोः कड़ाजौनपुरनामकयोः समृद्धयोः राज्ययोः निरीक्षणं कृत्वा निवर्तमानः तयोर्मध्ये प्रयागे गङ्गायमुनयोः परितः दृढ़ं दुर्गमकारयत् गङ्गाप्रवाहाच्चास्य रक्षणाय विशालं ... योऽद्यापि नगरस्य गङ्गायाश्च मध्ये सीमारूपेण स्थितोऽस्ति। तथैव प्रयागस्य नाम स्वकीयस्य इलाही धर्मस्यानुसरेण इलाहाबाद इत्यकरोत्। इदं दुर्गमद्य विशालं सुदृढं सुरक्षितञ्च ... अतिमहत्वपूर्णं नगरमिदं भारतस्य स्वतन्त्रतान्दोलनकाले इदं नगरं प्रधानं केन्द्रम् आसीत्।

अथवा

अस्योपत्यकायां विद्यमानः कश्मीरदेशः स्वकीयाभिः ... इति संज्ञया अभिहितो भवति लोके। ततश्च पूर्वस्यां दिशि स्थितः किन्नरदेशो देवभूमिनाम्ना प्राचीनसाहित्ये प्रसिद्धः आसीत्। अद्यापि 'कुमायूँ' इति नाम्ना प्रसिद्धोऽयं प्रदेशः रमणीयतया केषां मनो न हरति? शिमला, देहरादून, मसूरी, नैनीताल प्रभृतीनि नगराणि तु अस्य सौन्दर्यात् जनान् ग्रीष्मर्तौ बलादिव आकर्षन्ति। एभ्योऽपि पूर्वस्मिन् भागेऽवस्थितः रमणीयतमः प्रदेशः कामरूपतया कामरूप इति संज्ञया अभिधीयते।

(ख) दिये गये संस्कृत श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव॥

https://www.upboardonline.com

अथवा

अकीर्तिं विनयो हन्ति हन्त्यनर्थं पराक्रमः।
हन्ति नित्यं क्षमा क्रोधमाचारो हन्त्यलक्षणम्॥

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए— 1 + 1 = 2

(क) पापड़ बेलना
(ख) पानी उतर जाना
(ग) भण्डाफोड़ करना
(घ) मक्खन लगाना

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए—

(i) 'पुस्तकालयः' का सन्धि-विच्छेद है— 1

(अ) पुस्त + आलयः
(ब) पुस्तका + लयः
(स) पुस्तक + आलयः
(द) पुस्तक + लयः

(ii) 'भावुकः' का सन्धि-विच्छेद है— 1

(अ) भौ + उकः
(ब) भाऊ + अकः
(स) भौ + उकः
(द) भाव + उकः

(iii) 'नरेन्द्रः' का सन्धि-विच्छेद है— 1

(अ) नर + एन्द्रः
(ब) नर + इन्द्रः
(स) नरे + ऐन्द्रः
(द) न + रेन्द्रः

https://www.upboardonline.com

(ख) निम्नलिखित शब्दों का 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार चयन कीजिए--

(i) 'नामभि:' में 'विभक्ति' और 'वचन' है-- 1

(अ) प्रथमा, बहुवचन (ब) चतुर्थी, बहुवचन

(स) तृतीया, बहुवचन (द) सप्तमी, बहुवचन

(ii) 'आत्मा' में विभक्ति और वचन है-- 1

(अ) प्रथमा, बहुवचन (ब) प्रथमा एकवचन

(स) पंचमी, एकवचन (द) चतुर्थी, द्विवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही-अर्थ चयन करके लिखिए--

(i) अनल-अनिल-- 1

(अ) पृथ्वी और आकाश (ब) अग्नि और वायु

(स) जल और वायु (द) पानी और आग

(ii) जलज-जलद-- 1

(अ) बादल और कमल (ब) कमल और बादल

(स) कमल और तालाब (द) तालाब और कमल

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए-- 1 + 1 = 2

(i) कर (ii) कनक (iii) अम्बर

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए -

(i) जीवित रहने की उत्कट इच्छा-- 1

(अ) जिजीविषा (ब) जीवन

(स) जीवन शक्ति (द) महत्वाकांक्षा

(ii) जिसके आर-पार देखा जा सके-- 1

(अ) अगोचर (ब) पारदर्शी (स) अभिज्ञ (द) गोचर

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-- 1 + 1 = 2

(i) मैंने रो दिया। (ii) मैंने झूठ बोला।

(iii) मैं लड़के को पढ़ाया हूँ। (iv) वह जल से स्नान कर रहा है।

12. (क) 'वीर रस' और 'करुण रस' के स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) 'अनुप्रास' अथवा 'उपमा' अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

'चौपाई' अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

13. अपने मुहल्ले में 'गन्दगी' की सफाई कराने हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए। 2 + 4 = 6

अथवा

बिजली-समस्या के निराकरण हेतु अपने जिले के बिजली विभाग को एक शिकायती पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए-- 2 + 7 = 9

(क) स्वच्छता अभियान की सामाजिक सार्थकता।

(ख) पर्यावरण-प्रदूषण : समस्या और समाधान।

(ग) जनसंख्या वृद्धि की समस्या।

(घ) भारत में बेरोजगारी की समस्या।

(ङ) साहित्य-समाज का दर्पण है।

https://www.upboardonline.com